हरिभूमि
# कोरिया भूमि

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

बिलासपुर, मंगलवार 30 जून 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 सोमनाथ तीर्थ यात्रा से लौटे यात्रियों का किया गया स्वागत



खबर संक्षेप

### चटनी नहीं बनाने पर पत्नी को उतारा मौत के घाट

**अम्बिकापुर।** रमकोला थाना अंतर्गत ग्राम करवां सेमरियापारा निवासी राकेश कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 25 जून को ओड़गी में खाद लेने गया था और रात हो जाने पर ग्राम बेदमी मनकेश्वर के यहां रुक गया। सुबह घर आया तो देखा सौतली मां सोनामती जमीन पर चटाई में मृत हालत में पड़ी थी। जिसे देख पत्नी रिंकी से पूछताछ की तो पत्नी रिंकी ने बताया कि ससूर केवल प्रसाद ने दिन करीब 12 बजे सासू मां मानमति को चटनी बनाने के लिए कहा लेकिन सासू मां चटनी नहीं बनाई और शराब पीने चली गई। वापस आने पर ससूर ने डंडे से बेदम पिटाई कर दी जिससे गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के विरूद्ध धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

अब तक 12 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी

बोले- हमें अपराधियों का एनकाउंटर चाहिए, नहीं तो हम करेंगे अपनी कार्रवाई

# नौगई हत्याकांडः पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखावत

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के बहुचर्चित नौगई हत्याकांड में मृतकों के तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने 29 जून को करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत अपने दल बल के साथ गुजरात से रायपुर होते हुए बैकुण्ठपुर पहुंचे। उनके साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर, दिल्ली से संगीता सिंह सहित काफी संख्या में अन्य सहयोगी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

मृतकों के तेरहवीं कार्यक्रम को देखते हुए शहर के महलपारा क्षेत्र में कोरिया पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस क्षेत्र में दिनभर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत ने नौगई हत्याकांड को लेकर कहा कि क्षत्रिय किसी से डरते नहीं हैं और अन्याय के खिलाफ लड़ना जानते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे भाइयों की निर्मम हत्या हुई है, इसी दुखद घटना की तेरहवीं में शामिल होने हम गुजरात से आए हैं। उन्होंने कहा कि हत्याकांड में शामिल आरोपियों का एनकाउंटर की कार्रवाई होनी चाहिए, नहीं तो हम अपनी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाया जाए, चाहे आरोपी कोई भी हो। सरकार और प्रशासन को लेकर उन्होंने कहा कि यदि इस मामले में कठोर कार्रवाई



पीड़ित परिवार से चर्चा करते करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शेखावत।

नहीं होती है तो हम इसका विरोध करेंगे और सरकार को इसका जवाब देना होगा। सोमवार को तेरहवीं कार्यक्रम के दौरान कोरिया पुलिस द्वारा महलपारा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल लगाया गया था। विदित हो कि 16 जून की रात सोनहत थाना क्षेत्र के ग्राम नौगई में रेत उत्खनन और कारोबार को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। इस घटना में जिंदा जलने से भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह, नागेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह की मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने अक्षत त्रिपाठी, विशाल त्रिपाठी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी और मन्नू त्रिपाठी को गिरफ्तार किया गया था। वहीं फरार चल रहे मुख्य आरोपी मनोज त्रिपाठी सहित निशांत त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी और आशुतोष त्रिपाठी ने मनेन्द्रगढ़ थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया था। पुलिस की कार्रवाई के बाद बीते 23 जून को अनिल तिवारी, मनीष त्रिपाठी और जितेंद्र त्रिपाठी को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। इस तरह सोनहत के नौगई बहुचर्चित तिहरे हत्याकांड मामले में अब तक कुल 12 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### पूर्व सीएम भी पहुंचे थे मिलने

कोरिया जिले के सोनहत ब्लॉक के ग्राम नौगई में हुए बहुचर्चित तिहरे हत्याकांड मामले में 24 जून को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कोरिया पहुंचे थे। उन्होंने भी पीड़ति परिवारों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त किया था और सीबीआई जांच की मांग की थी।

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी में केवल पांच ट्रेनों के भरोसे लाखों यात्री

# करोड़ों का राजस्व देने वाली रेल लाइन उपेक्षित





हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिस धरती से निकलने वाला कोयला देश के बिजलीघरों को रोशन करता है, जहां की खदानों से हर दिन हजारों टन कोयला देश के अलग-अलग राज्यों तक पहुंचता है, उसी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी क्षेत्र के लोग आज भी बेहतर रेल सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।

विडंबना यह है कि रेलवे के लिए सबसे अधिक राजस्व देने वाले कोयला क्षेत्रों में शामिल होने के बावजूद यहां के यात्रियों को केवल पांच ट्रेनों के सहारे सफर करना पड़ रहा है। रेलवे की पटरियों पर दिन-रात कोयले से लदी मालगाड़ियां दौड़ती हैं, लेकिन जब आम यात्रियों की सुविधा की बात आती है तो मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी की अनदेखी साफ दिखाई देती है। क्षेत्रवासियों का सवाल है कि आखिर देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने वाले इस इलाके को यात्री सुविधाओं के मामले में लगातार नजरअंदाज क्यों किया जा रहा है? इसी नाराजगी को लेकर अब क्षेत्र में आवाज बुलंद होने लगी है। सोशल मीडिया और जनजागरूकता अभियान के माध्यम से 'चिरमिरी स्टेशन के साथ छलावा नहीं चलेगा' का संदेश तेजी से फैल रहा है। लोगों का कहना है कि यह केवल रेल सुविधा का मुद्दा नहीं बल्कि क्षेत्र के विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार से जुड़ा गंभीर विषय है। चार प्रमुख मांगें, जो वर्षों से अधूरी क्षेत्रवासियों की पहली मांग है कि चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस को फिर से प्रतिदिन चलाया जाए। पहले यह ट्रेन रोजाना संचालित होती थी, लेकिन अब सप्ताह में केवल तीन दिन चलने से यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों और मरीजों के लिए यह स्थिति सबसे अधिक कठिन साबित हो रही है। चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस को दुर्ग तक विस्तारित करने की है। यदि यह मांग पूरी होती है तो रायपुर-दुर्ग औद्योगिक क्षेत्र तक सीधी रेल सुविधा मिल सकेगी और यात्रियों को बार-बार ट्रेन बदलने की मजबूरी समाप्त होगी। वहीं चिरमिरी-कटनी शटल को सिंगरौली तक बढ़ाने की है। सिंगरौली और चिरमिरी दोनों देश के बड़े कोयला क्षेत्र हैं। दोनों शहरों के बीच सीधी रेल सेवा शुरू होने से हजारों कर्मचारी, व्यवसायी और आम यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। इसी तरह चिरमिरी-चंदिया पैसेंजर को कटनी तक चलाने की मांग है, जिससे मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच संपर्क और मजबूत होगा।

■ आज तक राजधानी तक गतंव्य की नहीं मिली है सुविधा

राजस्व देने वाला क्षेत्र, लेकिन सुविधाओं में उपेक्षित क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को सबसे अधिक मालभाड़ा कोयला परिवहन से प्राप्त होता है। चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़ और आसपास की खदानों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में मालगाड़ियां कोयला लेकर देशभर के ताप विद्युत संयंत्रों तक जाती हैं। इसके बावजूद यात्री ट्रेनों की संख्या बढ़ाने या नई रेल सेवाएं शुरू करने की दिशा में ⏭ शेष पेज 4 पर

# डीजे, कलेक्टर-एसपी ने किया जिला जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट याचिका (सिविल) क्रमांक 1404/2023, सुकन्या संस्था बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य में 03.10.2024 को पारित निर्णय के अनुपालन में 29 जून को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश पारीक, कलेक्टर रोक्तिमा यादव, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमृता दिनेश मिश्रा तथा डिस्ट्रिक्ट विजिटर्स बोर्ड के अन्य सदस्यों मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला



जिला जेल का निरीक्षण करते डीजे, कलेक्टर, एसपी व अन्य।

जेल बैकुण्ठपुर का तिमाही निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं कलेक्टर द्वारा बंदियों को निरुद्ध अवधि में उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं एवं उनके विधिक अधिकारों की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि सभी बंदियों को समय पर निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध हो तथा उनके साथ किसी भी प्रकार का जातिगत अथवा अन्य प्रकार का भेदभाव न किया जाए। निरीक्षण दल द्वारा सभी बंदियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान जिला जेल बैकुण्ठपुर में किसी भी प्रकार का जातिगत अथवा अन्य भेदभाव परिलक्षित नहीं हुआ। दल द्वारा बंदियों के बैरकों एवं स्वच्छता व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं कलेक्टर द्वारा बंदियों को प्रदान किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया तथा जेल परिसर में संचालित लीगल एड क्लिनिक का निरीक्षण कर उसके माध्यम से बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही विधिक सहायता एवं सेवाओं की समीक्षा की गई।

इस निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जेल में निरुद्ध बंदियों के साथ किसी भी प्रकार का जातिगत अथवा अन्य प्रकार का भेदभाव न हो तथा उन्हें विधि द्वारा प्रदत्त सभी अधिकार एवं आवश्यक सुविधाएँ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाएँ।

# सीएम हेल्पलाइन में शिकायत, सहायिका के बकाया वेतन व कार्रवाई पर 19 दिन बाद भी जवाब नहीं

**बैकुण्ठपुर।** सरकार बदलती है, योजनाएं बदलती हैं और दावे भी बदलते हैं, लेकिन नहीं बदलता तो वह है एमसीबी जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के काम करने का ढर्रा।

प्रदेश के सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 टोल फ्री सेवा में किए गए शिकायत पर मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को भी अपनी लापरवाही की फाइलों में दबाते नजर आ रहे हैं। एमसीबी जिले के परियोजना खड़गवां अंतर्गत ग्राम नेवरी के घोकवापारा आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका कु. कृष्णा सिंह को बिना नोटिस तामील कराए और पक्ष सुने बिना ही मौखिक रूप से बीते वर्ष जून माह में करीब पांच माह सेवा के बाद हटा दिया गया। इतना ही नहीं, उनका एक माह का वेतन भी एक साल बीत जाने के बाद अब तक जारी नहीं किया गया है। इस मामले को लेकर पीड़िता ने 10 जून को सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन एक पखवाड़े से अधिक समय बीत जाने के बाद भी महिला एवं बाल विकास विभाग एमसीबी के खड़गवां परियोजना और जिला मुख्यालय के ⏭ शेष पेज 4 पर

**कलेक्टर जनदर्शन को भी ठेंगा**

पीड़िता ने एमसीबी जिले के तत्कालीन कलेक्टर से व्यक्तिगत मुलाकात कर शिकायत करने के साथ ही कलेक्टर जनदर्शन में भी आवेदन दिया था, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी शिकायत का निराकरण नहीं हुआ। इसके बाद बीते माह सुशासन तिहार के दौरान आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन करीब डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी न तो समस्या का समाधान हुआ और न ही बकाया वेतन मिला।

### सर्पदंश पीड़ित महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर के कमरे में बेटी व नातिन के साथ सो रही महिला को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम नरकालों निवासी मुनिया बाई पति अमृत (62 वर्ष) 26 जून की रात बेटी शीतल दास व उसके बच्चे के साथ घर के कमरे में जमीन पर सो रही थी। तड़के लगभग 3 बजे महिला पैर में सांप के डस लेने पर शोर मचाने लगी। परिजन तत्काल महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

बरसात के मौसम में ज्यादा संख्या में शहर में आते हैं मवेशी

# सड़क से नहीं हट रहे मवेशी, आए दिन होते हैं हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बरसात का मौसम शुरू होने के साथ ही शहर में आवारा पशु सड़कों पर अपना डेरा जमाए दिखाई देने लगे है। सड़क पर आवारा पशुओं के विचरण से वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है, वहीं हमेशा दुर्घटना होने की संभावना भी बनी रहती है।

शहर क्षेत्र में कुछ दिनों पूर्व से इस तरह का नजारा शहर की सड़कों पर देखने को मिलने लगा था और अब भी ऐसी स्थिति बनी हुई है। जबकि नपा द्वारा आवारा पशुओं को सड़क से हटाने की ड्यूटी लगाई जाती है बावजूद इसके कुछ दिनों से आवारा पशु सड़क पर दिन भर विचरण करते देखे जाते है और शाम ढलने पर सड़क पर ही अपना डेरा जमा देते है, इस तरह की स्थिति के चलते जहां वाहन चालकों को परेशानी होती है, वही पशुओं को भी संभावित दुर्घटना बने रहता है। जानकारी के अनुसार बरसात शुरू होने के साथ खेती किसानी का कार्य शुरू हो जाता है जिसके कारण आवारा पशु शहर क्षेत्र में भटकते रहते है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए नपा को विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है ताकि आवारा पशुओं के शहर की सड़कों पर विचरण को रोका जा सके और सुरक्षित सड़क आवागमन हो तथा पशु भी सुरक्षित रहे। शाम ढलने के साथ सड़क पर डेरा शहर क्षेत्र में दिन भर आवारा पशु इधर उधर विचरण करते रहते है और शाम ढलने के बाद सड़क पर ही अपना डेरा जमा देते है और बाद में सड़क पर ही बैठ जाते है, इससे यातायात भी बाधित होता है।



**बाजार क्षेत्र में व्यापारियों को परेशानीः** आवारा पशुओं के दिन भर स्वच्छंद विचरण करने से जहां आवागमन प्रभावित होता है वही शहर के बाजार क्षेत्र में व्यापारियों को प्रतिदिन आवारा पशुओं के स्वच्छंद विचरण से सबसे अधिक परेशानी होती है। वही बाजार क्षेत्र में आने वाले लोगों को भी आवारा पशुओं के कारण परेशानी उठानी पड़ती है। साप्ताहिक बाजार दिवस तो और भी ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है।



